भारत सरकार / Government of India
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
Ministry of Environment, Forest & Climate Change
क्षेत्रीय कार्यालय/ Regional Office
पता: द्वितीय तल, झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड मुख्यालय, हरमू चौक, राँची, झारखण्ड - 834002
Add: 2nd Floor, Headquarter-Jharkhand State Housing Board, Harmu Chowk, Ranchi, Jharkhand - 834002
Tel: 0651-2410002, 2410007; E-mail: ro.ranchi-mef@gov.in

सत्यमेव जयते

संख्या: FP/JH/ENCRH/39652/2019/***724*** दिनांक: 02.12.2024

सेवा में,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक- सह – नोडल पदाधिकारी (एफ. सी.)**
वन, पर्यावरण, एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
झारखण्ड सरकार,
वन भवन, डोरंडा, राँची

**विषय:-**आलोक स्टील इंडस्ट्रीज के प्लांट हेतु 9.27 हे० वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव में वांछित अतिरिक्त सूचना के संबंध में l

**महाशय,**

विषयान्तर्गत मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि जैसा कि श्रीमान को विदित है, प्रकरण के वनभूमि अतिक्रमण –नियमितीकरण से सबंधित होने के कारण सबंधित स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय द्वारा दिनांक 17/5/2024 को किया गया था जिस दौरान कुछ सूचनाएँ चाही गईं थीं। इस क्रम में वन-प्रमंडल पदाधिकारी तथा अंचल आधिकारी के निरीक्षण प्रतिवेदन तथा पत्रांक 890 दिनांक 20/8/2024 (क्रमशः) में सबंधित गैर मजरूआ जंगल – झाड़ी किस्म जंगल भूमि का पूर्व से ही दाखिल–ख़ारिज के आधार पर जमाबंदी कायम होना एवं लगान रसीद निर्गत होना बताया गया है किन्तु इसके सापेक्ष किसी प्रकार का साक्ष्य – दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे यह स्थापित किया जा सके कि संदर्भित वन-भूमि 1980 से पूर्व (वन-प्रमंडल पदाधिकारी के स्थल-प्रतिवेदननानुसार 1940-60 के मध्य) कृषि कार्यों हेतु बंदोंबस्तित किया जा चुका था।

अतः निवेदन है कि वांछित साक्ष्य दस्तावेज इस कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे लंबित प्रकरण में अग्रिम करवाई सुनिश्चित की जा सके।

विश्वासभाजन

Signed by Shashi Shankar Pathak
Date: 04-12-2024 11:55:14
(शशि शंकर)
उप वन महानिरीक्षक

प्रतिलिपि (सूचार्थ एवं आवश्यक करवाई हेतु):-

1. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)/सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार, वन भवन/नेपाल हाउस, डोरंडा, राँची ।
2. उपायुक्त, रामगढ/ वन प्रमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ ।